**Seventeenth Loksabha**

pan>

Title: Request to start train from Hamirpur to Lucknow via Khajuraho in Uttar Pradesh.

**कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल (हमीरपुर):** सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र से उत्तर प्रदेश की राजधानी के लिए एक भी ट्रेन नहीं है । खजुराहो जो एक अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन केन्द्र है, मेरे संसदीय क्षेत्र से होते हुए वहां के लिए रेलवे लाइन जाती है । मेरी भारत सरकार से मांग है कि खजुराहो से महोबा, कबरई, मटौन, बांदा, मोदहा, भरूआ, सुमेरपुर, हमीरपुर तथा कानपुर होते हुए, लखनऊ के लिए एक ट्रेन दी जाए । मैं भारत सरकार का आभार प्रकट करता हूं कि उन्होंने हमारे यहां के लिए गतिमान एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनों को चलाने के लिए सहमति दी है । मेरा आपसे केवल एक आग्रह है कि उत्तर प्रदेश की राजधानी को मेरे संसदीय क्षेत्र से जोड़ा जाए और अंतर्राष्ट्रीय पयर्टन केन्द्र को भी जोड़ा जाए । इससे हमारे क्षेत्र के लोगों को काफी सुविधा प्राप्त होगी ।